This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..............................

7020

Concurrent Course for Hons. Prog. **E**

HINDI LANGUAGE (Lower)—Qualifying Course

हिंदी भाषा (अवर) – योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी :– The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the school of Open Learning for the B.A. (Hons.). These marks will. however. be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges. at the time of posting of awards for compilation of result.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

P.T.O.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में लिखिये :

1. हिंदी भाषा के भौगोलिक क्षेत्रों का परिचय दीजिए। 7

अथवा

भाषा और बोली के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

2. हिंदी वर्तनी के मानकीकरण की स्थिति पर विचार कीजिए। 7

अथवा

ब्रजभाषा का सामान्य परिचय दीजिए।

3. (क) पहले वाक्य में संज्ञा, सर्वनाम तथा दूसरे वाक्य से विशेषण तथा क्रिया शब्द छाँटिये : 2

(i) उसने सीता को पैसे दिए।

(ii) कल्याणी सुन्दर चित्र बनाती है।

(ख) किन्हीं **दो** का विलोम लिखिये : 1

(*i*) अच्छा

(*ii*) काला

(*iii*) रात

(*iv*) सज्जन।

(ग) किन्हीं **दो** के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिये : 2

(*i*) कमल

(*ii*) पृथ्वी

(*iii*) मनुष्य

(*iv*) तालाब।

(घ) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये : 2

(*i*) राष्टरभक्ति

(*ii*) सवतंत्रता

(*iii*) सहित्य

(*iv*) संस्क्रति

(*v*) अभिसाप

(*vi*) दूरर्दशन

(ङ) किन्हीं दो वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिये : 2

(*i*) मेरे को आज कॉलेज नहीं जाना।

(*ii*) दस रुपये में केवल मात्र एक चाय ही मिल सकती है।

(*iii*) अब तू कॉलेज जाइए।

(*iv*) सब लोग बाहर निकल गया।

(च) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइये : 2

(*i*) लाल-पीला होना

(*ii*) बाँछें खिलना

(*iii*) कान पर जूँ न रेंगना

(*iv*) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना।

(छ) किन्हीं **दो** लोकोक्तियों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(*i*) नया नौ दिन, पुराना सौ दिन

(*ii*) चार दिन की चाँदनी, फिर अँधेरी रात

(*iii*) बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद

(*iv*) आसमान से गिरा, खजूर में अटका।

4. किसी **एक** विषय का पल्लवन कीजिए (अधिकतम 200 शब्द) : 5

(क) अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।

(ख) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

अथवा

किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये :

(क) हिन्दी भाषा के प्रसार में फिल्मों की भूमिका।

(ख) दिल्ली शहर की पेय-जल की समस्या।

5. किसी **एक** विषय पर अधिकतम 400 शब्दों में निबंध लिखिये : 10

(क) गर्मियों में पर्वतीय-स्थल की सैर

(ख) हमारे महाविद्यालय का वार्षिक खेल-समारोह

(ग) इंटरनेट : वरदान या अभिशाप ?

(घ) आधुनिक जीवन में मीडिया की भूमिका।

6. अपने बढ़िया परीक्षा-परिणाम की सूचना देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिये। 8

अथवा

'महाविद्यालय के आसपास गन्दगी की समस्या'' पर प्रधानाचार्य को पत्र लिखिये।